Alberta

**समाचार** विज्ञप्ति

# वॉक-इन में एस्ट्राज़ेनेका का टीका उपलब्ध

15 अप्रैल 2021

## एडमोंटन और कैलगरी में पात्र एल्बर्टावासियों के लिए एस्ट्राज़ेनेका के टीके के बिना एपॉइंटमेंट वाले और भी अधिक वॉक-इन टीकाकरण उपलब्ध हो गए हैं।

17 अप्रैल से एल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाएँ (Alberta Health Services) एडमोंटन एक्सपो केंद्र (Edmonton EXPO Centre) और कैलगरी के साउथपोर्ट क्लिनिक (Southport clinic) में स्थित मौजूदा त्वरित प्रवाह (rapid flow) क्लिनिक में वॉक-इन टीकाकरण के लिए लोगों को स्वीकार करेंगे।

ये दो स्थल कैलगरी और एडमोंटन में स्थित उन 26 फार्मेसियों के अतिरिक्त हैं, जो 55 से 64 आयुवर्ग के एल्बर्टावासियों को वॉक-इन आधार पर टीकाकरण प्रस्तुत कर रही हैं।

इन स्थलों में इस आयुवर्ग में आने वाले सभी एल्बर्टावासी, चाहे वे जहाँ भी रहते हों, एपॉइंटमेंट के बिना ही एस्ट्राज़ेनेका का टीका प्राप्त कर सकते हैं।

वर्तमान में 710 फार्मेसियाँ एस्ट्राज़ेनेका के टीकों के लिए एपॉइंटमेंट जारी रख रही हैं, और कैलगरी के टेलिस सम्मेलन केंद्र (Telus Convention Centre) में त्वरित प्रवाह (rapid flow) क्लिनिक एपॉइंटमेंट से एस्ट्राज़ेनेका के टीके प्रस्तुत करना जारी रखेगा।

एस्ट्राज़ेनेका की पहली खुराक से संक्रमण अधिकतम 60 से 70 प्रतिशत तक कम हो जाता है, और महत्वपूर्ण बात यह है कि अस्पताल में भर्ती किए जाने और मृत्यु का खतरा अधिकतम 80 प्रतिशत तक कम हो जाता है। COVID-19 के मामलों में बढ़ोत्तरी को देखते हुए यह टीका अब उन लोगों को सुरक्षित रख सकता है, जिन्हें अन्यथा कोई अन्य टीका सुलभ होने तक लगभग एक महीने की अवधि के लिए प्रतीक्षा करने की आवश्यकता हो सकती थी।

एल्बर्टा में कोविशील्ड/एस्ट्राज़ेनेका के टीकों की 58,000 खुराकों के साथ ही साथ एस्ट्राज़ेनेका के टीके की 27,500 से भी अधिक खुराकें प्रशासित की गई हैं। एल्बर्टा में टीका उत्प्रेरित प्रोथ्रोम्बोटिक इम्यून थ्रोम्बोसाइटोपेनिया (वीआईपीआईटी) [vaccine-induced prothrombotic immune thrombocytopenia (VIPIT)] के रूप में जानें जाने वाले दुर्लभ रक्त के थक्के के कोई भी पुष्ट मामले प्रकट नहीं हुए हैं, और पूरे कनाडा-भर में इसका केवल एक ही मामला सामने आया है।

इस बात से अवगत होना महत्वपूर्ण है कि एल्बर्टावासियों के लिए वीआईपीआईटी (VIPIT) का खतरा होने की संभावना अत्यंत ही दुर्लभ है। इसके बजाय धूम्रपान करने, ज़मीन पर गिरने/चोट लगने और सामान्य रूप से होने वाली रोजमर्रा की अन्य घटनाओं के परिणामस्वरूप रक्त के थक्के बनने के अनुभव की संभावना कहीं अधिक है।

किंतु COVID-19 का संक्रमण होने से प्रतिकूल परिणामों का खतरा बहुत ही वास्तविक है तथा इनकी प्रायिकता भी बहुत ऊँची है - विशेषकर वृद्धजनों के लिए।

55 से 59 वर्ष के आयुवर्ग में आने वाले लोगों में COVID-19 के उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किए जाने का खतरा वीआईपीआईटी (VIPIT) के खतरे से लगभग 1,500 गुना अधिक है, और इस आयुवर्ग के लोगों में COVID-19 से मृत्यु होने का खतरा वीआईपीआईटी (VIPIT) के खतरे से लगभग 125 गुना अधिक है।

वॉक-इन स्वीकार करने वाली फार्मेसियों तथा एपॉइंटमेंट के आधार पर बुकिंग करने वाली फार्मेसियों की सूची के लिए एल्बर्टा ब्लू क्रॉस वेबसाइट पर जाएँ।

एएचएस (AHS) वॉक-इन क्लीनिक 17 अप्रैल को खुलेंगे और शुरुआत में पांच दिनों के लिए चलाए जाएँगे। टीकों की उपलब्धता और माँग के आधार पर क्लीनिकों में विस्तार किया जाएगा।

कैलगरी में 10301 Southport Lane SW पर स्थित साउथपोर्ट स्थल का परिचालन अप्रैल 17-21 (शनिवार से बुधवार) को सुबह 8:30 बजे से लेकर दोपहर 3:45 बजे तक किया जाएगा।

7515 118 Avenue NW पर स्थित एडमोंटन एक्स्पो केंद्र (Edmonton EXPO Centre) के परिचालन की अवधियाँ हैं:

- अप्रैल 17-18 (शनिवार और रविवार): दोपहर 12:30 बजे से लेकर दोपहर 4 बजे तक।
- अप्रैल 19-20 (सोमवार और मंगलवार): दोपहर 12:30 बजे से लेकर शाम 6:45 बजे तक।
- 21 अप्रैल (बुधवार): दोपहर 12:30 बजे से लेकर दोपहर 4 बजे तक।

आरंभ में हरेक एएचएस (AHS) स्थल पर वॉक-इन आधार पर एस्ट्राज़ेनेका के 500 टीके लगाए जाने की क्षमता होगी। माँग के आधार पर क्षमता को समायोजित किया जाएगा। कृपया किसी भी क्लिनिक के समायोजित परिचालनकाल के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए वेबसाइट AHS.ca पर जाएँ।

कोई भी पात्र एल्बर्टावासी एल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाएँ (Alberta Health Services) के ऑनलाइन बुकिंग टूल (online booking tool) के माध्यम से या 811 पर फोन करके भी एस्ट्राज़ेनेका का टीका प्राप्त करने के लिए एपॉइंटमेंट की बुकिंग कर सकता है।

एल्बर्टा सरकार COVID-19 महामारी की प्रतिक्रिया में वक्र को मोड़ने, छोटे व्यवसायों को कार्यरत बनाए रखने और एल्बर्टा की स्वास्थ्य-देखभाल प्रणाली की सुरक्षा के लिए सटीक उपायों के माध्यम से जीवन और लोगों की आजीविकाओं की रक्षा कर रही है।

## त्वरित तथ्य

- वर्तमान में, कैलगरी और एडमोंटन में 26 फार्मेसियाँ वॉक-इन आधार पर एस्ट्राज़ेनेका के टीके प्रस्तुत कर रही हैं, जिनमें स्वतंत्र फार्मेसियाँ और बड़ी श्रृंखलाओं के स्थल भी शामिल हैं। इन फार्मेसियों की सूची एल्बर्टा ब्लू क्रॉस की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
- चरण 1, 2A, 2B और चरण 2C के हिस्से के अंतर्गत पात्र सभी एल्बर्टावासी किसी भी प्रतिभागी फार्मेसी या एल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाओं (एएचएस) [Alberta Health Services (AHS)] के साथ COVID-19 टीकाकरण के लिए एपॉइंटमेंट की बुकिंग करना जारी रख सकते हैं।

## संबंधित जानकारी

- एल्बर्टावासियों के लिए COVID-19 जानकारी
- COVID-19 आत्म-आकलन उपकरण (Self-Assessment Tool)

## मीडिया पूछताछ

जेरिका गुडविन
587-988-3278
प्रेस सचिव, प्रीमियर कार्यालय (Press Secretary, Office of the Premier)

टॉम मैकमिलन
780-422-4905
सहायक संचार निदेशक, स्वास्थ्य (Assistant Director of Communications, Health)

*और अधिक सरकारी अनुवादित संसाधनों के लिए कृपया यहाँ जाएँ: https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx*